भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञिप्ति

भाविप्रा के कोलकाता एवं इंदौर हवाई अड्डे ने राष्ट्रीय पर्यटन पुरस्कार जीता

नई दिल्ली, 28 **सितंबर**, 2022 : **भाविप्रा** के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय (एनएससीबीआई) हवाई अड्डा, कोलकाता और देवी अहिल्याबाई होल्कर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, इंदौर को पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार से क्रमश: 'क्लास X (मेट्रो) के नगरों में सर्वश्रेष्ठ पर्यटक अनुकूल हवाई अड्डे और "अन्य शहरों" की श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ पर्यटक अनुकूल हवाई अड्डा के रूप में प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पर्यटन पुरस्कार 2018-19 प्राप्त हुआ। 27 सितंबर, 2022 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में श्री जगदीप धनखड़, भारत के माननीय उपराष्ट्रपति द्वारा श्री सी पट्टाभि, विमानपत्तन निदेशक , कोलकाता हवाई अड्डा और श्री सी वी रवींद्रन, विमानपत्तन निदेशक, इंदौर हवाई अड्डे को प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया गया। श्री जी किशन रेड्डी, केंद्रीय पर्यटन मंत्री और श्री अजय भट्ट, पर्यटन राज्य मंत्री भी समारोह में उपस्थित थे । यह पुरस्कार पर्यटकों के अनुकूल सुविधाएं प्रदान करने और पर्यटन को बढ़ावा देने में योगदान देने के प्रयासों की मान्यता का प्रतिनिधित्व करता है।

एनएससीबीआई हवाई अड्डा, कोलकाता, पूर्वी और उत्तर-पूर्वी भारत का प्रवेश द्वार है, जिसने हमेशा अपने यात्रियों को उनकी यात्रा को आरामदायक बनाने के लिए विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान की हैं। हवाई अड्डे का बुनियादी ढांचा पश्चिम बंगाल की आधुनिक तकनीकों और पारंपरिक कला रूपों का एक आदर्श मिश्रण है। फूड कोर्ट से लेकर खरीदारी के कई

विकल्पों द्वारा कोलकाता हवाई अड्डे ने सुनिश्चित किया कि जब भी यात्री हवाईअड्डे पर आएं तो बंगाल की सुखद यादें अपने साथ ले जाएं।

देवी अहिल्या बाई होल्कर हवाई अड्डा इंदौर शहर का प्रवेश द्वार है जो मध्य प्रदेश का व्यापारिक केंद्र है। हवाईअड्डा हमेशा ग्राहकों की संतुष्टि के लिए अत्याधुनिक अवसंरचना प्रदान करके ग्राहकों की संतुष्टि और हवाईअड्डा प्रबंधन के उच्चतम मानकों को प्राप्त करने का प्रयास करता है।

पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार हर साल यात्रा और पर्यटन उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों को राष्ट्रीय पर्यटन पुरस्कार प्रदान करता है। यात्रियों और अतिथितियों को उत्कृष्ठ सुविधाएं प्रदान करने हेतु भारत में हवाई अड्डे को 'सर्वश्रेष्ठ हवाईअड्डा' श्रेणी में पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। चयन के प्रमुख मानदंडों में पर्यटक अनुकूल बुनियादी ढांचे का निर्माण, हवाई अड्डे का रखरखाव और पर्यावरण के अनुकूल पद्धतियों का अनुकूलन आदि शामिल हैं।

निगमित संचार निदेशलय द्वारा जारी

विवरण के लिए कृपया संपर्क करें : मप्र (सीसी) 011-24622787

प्रेस विज्ञिप्ति No. 21/2022-23

,

श्री सी पट्टाभि, हवाईअड्डा निदेशक, एनएससीबीआई कोलकाता हवाई अड्डे को क्लास X (मेट्रो) नगरों की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ पर्यटक अनुकूल हवाई अड्डा प्राप्त हुआ।

श्री सी वी रवींद्रन, हवाई अड्डा निदेशक, इंदौर हवाई अड्डा "अन्य शहरों" श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डे का पुरस्कार प्राप्त करते हुए।